'लव जिहाद से बच्चियों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए केरल फाइल्स अवश्य दिखाएं।'
—— अभिजात मिश्र, भाजपा की उप्र इकाई के सचिव

## संक्षिप्त खबरें

### योग प्रशिक्षित आठ को करेंगे सीएम आवास कूच

**देहरादून।** योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा बेरोजगार आठ मई को परेड मैदान से सीएम आवास तक मार्च निकालेंगे। उन्होंने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा बेरोजगार संघ का शुक्रवार को डांडा लखौंड स्थित आयुर्वेद निदोलय में धरना 98वें दिन भी जारी रहा। नाराज डिप्लोमाधारक बेरोजगारों ने कहा है कि धरने को चौथा महीना शुरू हो चुका है, इसके बाद भी मांगों का निस्तारण नहीं किया गया है। अधिकारियों ने सीएम से भी उनकी मुलाकात नहीं कराई। सीएम से मुलाकात को 25 अप्रैल को कूच करने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। नाराज बेरोजगार आठ मई को परेड मैदान से सीएम आवास तक पैदल मार्च निकालेंगे।

### लंबित बिलों के भुगतान को विक्रेताओं का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** लंबित बिलों का भुगतान समेत अन्य मांगों के निराकरण को सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को गल्ला विक्रेताओं ने खाद्यान्न गोदामों में धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द बिलों का भुगतान नहीं होने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति के नेतृत्व में जिलेभर में विक्रेताओं ने अपने-अपने राशन गोदामों में मांगों के निराकरण को धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# शिवालिक व महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तराखंड फुटबाल एरीना की ओर से आयोजित द्वितीय मंगूलाल ढींगिया मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टुर्नामेंट में शिवालिक अकादमी और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

प्रेमनगर स्थित फुटबाल ग्राउंड में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफानल कैम्ब्रिज स्कूल और शिवालिक अकादमी के बीच खेला गया। पहले हाफ तक स्कोर 0-0 से बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ में फॉरवर्ड संजय सिंह ने 32वें व 33वें मिनट में गोल कर शिवालिक अकादमी को 2-0 से जीत दिलाई।

दूसरा सेमीफाइनल महर्षि विद्या मंदिर और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के बीच खेला गया। मैच के शुरुआत से ही महर्षि विद्या मंदिर ने तेज खेल दिखाते हुए दूसरे मिनट में ही अनिकेत ने गोल कर महर्षि विद्या मंदिर को 1-0 से बढ़त दिलाई।



गोल के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।

**द्वितीय मंगूलाल ढींगिया मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट**

उसके बाद मैच के 29वें, 35वें और 45वें मिनट में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के आर्यन बिष्ट ने हैट्रिक मारकर टीम का स्कोर 3-1 कर दिया। उसके बाद 47वें मिनट में हर्ष छिम्वाल, 49वें मिनट में अक्षित नेगी और 52वें मिनट में आयुष छिम्वाल ने गोल कर स्पोर्ट्स कालेज को 6-1 से जीत दिलाई।

## किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप आज से

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तराखंड एमेचियोर किक बाक्सिंग एसोसिएशन की ओर से याको किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप आज से शुरू होगी।

उत्तरांचल प्रेस क्लब में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में एसोशिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार कोटनाला ने बताया कि प्रतियोगिता परेड ग्राउंड के मल्टी परपज हल देहरादून में आयोजित होगी। शनिवार से रजिस्ट्रेशन और रविवार से प्रतियोगिता आयोजित होगी।

इसमें सभी आयु वर्गो के लिए स्पर्धाएं आयोजित होंगी। उत्तराखंड स्टेट एसोसिएशन की गवर्निंग बाडी के अध्यक्ष अरविंद कुमार कोटनाला ने कहा कि राजधानी में दो दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन छह व सात मई को परेड ग्राउंड स्थित बहुउददेशीय क्रीड़ा सभागार में किया जायेगा, जिसमें प्रदेश भर से लगभग दो सौ से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

**उत्तराखंड एमेचियोर किक बाक्सिंग एसोसिएशन की पत्रकार वार्ता**

उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंड के सभी संबद्ध और जिला इकाइयों से लड़कों-लड़कियों, कैडेटों जूनियर और सीनियर को विभिन्न श्रेणियों में लगभग 200 से अधिक भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी चयनित सीनियर खिलाड़ी 15 जुलाई तक सवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में होने वाली आगामी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेंगें और बच्चों के सब जूनियर कैडेट और जूनियर 23 से 27 अगस्त तक रांची झारखंड में भाग लेंगे।

इस दौरान एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, महासचिव सतेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष मुक्तिपदा सतपथी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज राजहंस, अभिषेक कोहली, विजय, वीरेंद्र, मिंटु सैनी, ऋतिक विजलवान, कमल बिष्ट, अनुज गौड़, मनीष जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## मुझे राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया : ऐठानी

**बागेश्वर (एसएनबी)।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व निष्काषित सदस्य हरीश ऐठानी ने कहा कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। जनता ने उन्हें जिताया है। उनकी छवि खराब करने वालों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। संवैधानिक तरीके से आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी।

कुमंविनि पर्यटन आवास गृह में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि जिन बिंदुओं पर आरोप लगाए गए वह कार्य वित्त नियंत्रक की अनुमति से भुगतान हुआ है। विशेष निविदा समिति में तय होने के बाद जिपं अध्यक्ष की संस्तुति होती है, जबकि जिपं के होटल में सुधार के लिए सबकी सहमति से आवंटन हुआ।

रातिरकेटी में शिक्षक नियुक्ति में भी लगाए गए आरोप निराधार हैं। शिक्षकों की कमी दूर करना अभिवावकों की मंशा अनरूप शिक्षण व्यवस्था में सुधार हुआ। यह भी वित्तीय परामर्श के बाद सहमति दी गई है।

उन्होंने कहा खड़िया और अन्य मालवाहक ट्रकों के वजन तोलने के लिए खुले धर्मकांटे से जिपं की आय में बढ़ोत्तरी हुई, हालांकि अब उसे बंद कर दिया गया है। उनके खिलाफ सिफ राजनैतिक जांच की गई है। अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताने हुए उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले के खिलाफ व न्यायालय में जाएंगे।

## धामी सरकार हिमाचल की तर्ज पर लाने वाली है भू-कानून : हेमंत

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी का दावा है कि राज्य सरकार हिमाचल की तर्ज पर सख्त भू कानून लाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस नए कानून से उत्तराखंड में जमीन की खरीद फरोख्त पर नियंत्रण रहेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के सख्त भू-कानून की मांग लंबे समय से चली आ रही है। सीएम धामी ने इस मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है।

यह दावा द्विवेदी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में किया है। उन्होंने बताया कि राज्य में भू-कानून को और कड़ा किया जाएगा। इसके लिए नियम बनाए जा रहे हैं। इन नियमों में जो फिट बैठेगा वहीं उत्तराखंड में जमीन खरीद पाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन खरीदने से पहले व्यक्ति का सत्यापन अनिवार्य होगा। राज्य में लंबे समय से भू-कानून का मामला तूल पकड़ने पर युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने पिछले कार्यकाल में भू-कानून के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। यह समिति सितंबर माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप चुकी है। समिति ने भी वर्तमान भू-कानून में संशोधन और नियमों को सख्त बनाने की संस्तुति की है। यहां जमीन खरीद फरोख्त बड़े पैमाने पर होने से प्रदेश की कानून व्यवस्था और शांति के लिए चुनौतीपूर्ण स्थितियां बन रही हैं। इसे ध्यान में रखकर ही भूमि खरीदने से पहले व्यक्ति की पृष्ठभूमि के सत्यापन की आवश्यकता महसूस की गई है। इसके लिए नियम तैयार किए जा रहे हैं। नियमों के अनुसार ही परीक्षण कर भूमि खरीदने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य बनने के बाद से बाहरी राज्यों से आए आपराधिक प्रवृत्ति और संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों ने जमीनों में निवेश किया है। यह चिंताजनक हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे व्यक्तियों की है, जो इन जमीनों पर धर्म विशेष के लोग अपने दूसरे उद्देश्य को स्थापित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते इस तरह के अवैध खरीद फरोख्त पर रोक नहीं लगाई गई तो यह राज्य की पहचान और देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी।

- **भू कानून के लिए समिति सितंबर में सौंप चुकी है रिपोर्ट, जल्दी अध्यादेश लाने की तैयारी**

**राज्य और देश की सुरक्षा पर आंच लाने वाले नहीं खरीद सकेंगे जमीन**

## एसएसबी ने छात्रों को कराया भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण



खटीमा : भारत-नेपाल सीमा पर भ्रमण के दौरान विद्यार्थी और एसएसबी जवान।

**खटीमा(एसएनबी)।** भारत-नेपाल सीमा मेलाघाट 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल डी-समवाय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत यूनिटी थीम के तहत 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट अनिल कुमार के निर्देश पर इंडियन पब्लिक स्कूल अशोक फार्म के छात्र- छात्राओं को टनकपुर सीमा क्षेत्र का एक दिवसीय भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को 57 वीं वाहिनी टनकपुर सीमा चौकी, शारदा सागर डैम, मतीना सीमा क्षेत्र तथा ब्रह्म देव सीमा क्षेत्र जैसे ाार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर घुमाया गया।

इस दौरान बच्चों को इन स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई ताकि बच्चों के ज्ञान के साथ-साथ उनका मानसिक और बौद्धिक विकास भी हो सके। इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबांक अखिलेश मिश्रा तथा प्राानाचार्य ईश्वर सिंह कुंवर ने सशस्त्र सीमा बल का आभार एवं धन्यवाद किया। इस दौरान शिक्षक विष्णु त्रिपाठी, सविता नेगी तथा एसएसबी के जवान मौजूद थे।

# चीला में अवैध जिप्सी संचालन के विरोध में जन आंदोलन की चेतावनी

**देहरादून (एसएनबी)।** चीला पर्यटक रेंज में बाहरी प्रदेशों के लोगों के जिप्सी संचालन को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में वन संरक्षक राजाजी नेशनल पार्क को पत्र लिखा है। आरोप लगाया है कि चीला पर्यटक रेंज के गेट से बाहरी लोग नियम विरुद्ध जिप्सियों का संचालन कर रहे हैं। अवैध संचालन रोकने की मांग के साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि अवैध संचालन नहीं रोका गया तो स्थानीय जनता जन आंदोलन को बाध्य होगी। पत्र की प्रति राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वन मंत्री सहित अन्य अधिकारियों को भी दी गई है।

पत्र में कहा गया है कि बाहरी प्रदेशों के लोग नियमों के विपरीत जिप्सियां चलवाकर स्थानीय लोगों का निवाला छीन रहे हैं। इन लोगों का पार्क प्रभावित गांवों से कोई लेना देना नहीं है। अवैध संचालन कर रहे यह लोग या इनके परिजन वन विभाग चीला व जल विद्युत निगम चीला में सरकारी कर्मचारी हैं। इनमें कुछ अवैध रूप को चीला प्रोजेक्ट कालोनी में रहे हैं। यह लोग बैखौफ होकर मनमानी कर जिप्सी चलवा रहे हैं। इसकी शिकायत संबंधित विभाग व संचालन संस्था को कई बार की जा चुकी है। वन संरक्षक ने भी स्थानीय लोगों के प्रतिनिधिमंडल को समय देकर सुना। समस्या के समाधान के आदेश भी दिए। लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

**वन संरक्षक राजाजी नेशनल पार्क को लिखा पत्र, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वनमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को प्रेषित की पत्र की प्रति**

शिकायतकर्ता बचन सिंह बिष्ट प्रधान मल्ला बनास, विनोद नेगी पूर्व प्रधान तल्ला बनास, संदीप सिंह बिष्ट प्रधान किमसार, प्रह्लाद सिंह प्रधान धारकोट ने कहा कि राज्य सरकार पलायन को रोकने और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर तलाशने की बात कर रही है। लेकिन, चीला पर्यटक रेंज में बाहरी प्रदेशों के लोग स्थानीय निवासियों के हक-हकूक का दोहन कर रहे हैं। इस तरह अवैध जिप्सी संचालन की स्थानीय निवासी घोर निंदा करते हैं। यदि अवैध जिप्सी संचालन को रोका नहीं गया तो पार्क प्रभावित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण अपने हक-हकूक की रक्षा के लिए जन आन्दोलन के लिये बाध्य होंगे।युवक मंगल दल गंगा भोगपुर पौड़ी गढ़वाल ने अवैध जिप्सी संचालन का विरोध किया है।

वन संरक्षक के साथ ही मुख्य संरक्षक राजाजी टाइगर रिजन देहरादून, जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल, विधायक यमकेश्वर, सांसद पौड़ी लोकसभा सीट को पत्र की प्रति भेजी गई है।

## दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामनगर।** नगर के ग्रामीण क्षेत्र में दो युवकों ने रामनगर में दो युवकों की अलग-अलग संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिए।

फिलहाल पुलिस दोनों मामलो की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ने दोनो घटनाओं की बाबत जानकारी देते हुए बताया कि करन सिंह (19 वर्ष) पुत्र किशोरी लाल निवासी गौरा कालोनी पूछड़ी ने खुद को कमरे में बंदकर फांसी लगा ली। मृतक युवक रेलवे में संविदा कर्मी था। मृतक के पिता किशोरी लाल के अनुसार जिस समय उनके बेटे ने फांसी लगाई, उस समय घर में कोई नहीं था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाद पोस्टमार्टम शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दूसरी घटना में बहादुर सिंह (35) पुत्र प्रताप सिंह निवासी पार्वतीकुंज पीरुमदारा ने बृहस्पतिवार की रात खुद को कमरे को बंद करने के बाद फांसी लगा ली। इस युवक के बारे में जानकारी मिली है कि यह युवक काफी समय से डिप्रेशन में चल रहा था। इस मामले में भी शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल पुलिस दोनों मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर(एसएनबी)।** आईटीआई थाना पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गश्त के दौरान गामा फैक्ट्री के पास अहरपुरा पुलिया के पास रास्ते पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम प्रेम पाल पुत्र सोम पाल निवासी ग्राम कटैया थाना आईटीआई बताया।


## कार्यालय सहायक निदेशक, डेरी विकास विभाग, चमोली

पत्रांक : 89-90/दु.स.निर्वा. पत्रा./2023-24 दिनांक 04.05.2023

**विज्ञप्ति**

एतदद्वारा उत्तराखण्ड सहकारी समिति अधिनियम 2003 की धारा 29 (03-क) एवं उत्तराखण्ड सहकारी समिति नियमावली 2004 के नियम 450(8) के प्राविधानों के अधीन जनपद-चमोली की निम्न प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों एवं सभापति का निर्वाचन का दिनांक 20.05.2023 एवं दिनांक 21.05.2023 को सम्पादित करने हेतु कुल सदस्यों की संख्या (आरक्षित पदों सहित) का अन्तिम निर्धारण निम्न प्रकार किया जाता है।

| क्र. सं. | दुग्ध समिति का नाम | विकासखण्ड का नाम | क्षेत्र का नाम तथा निर्वाचित होने वाले प्रतिनिधियों की संख्या आरक्षित पदों सहित | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | समिति का कार्य क्षेत्र | सामान्य वर्ग | अनु.जाति /जनजाति | महिला वर्ग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | दोगड़ी | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 2 | भदाकोटी | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 3 | मठ | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 4 | कुजॉउमैकोट | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 5 | कोजपोथनी | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 6 | सिरोली | दशोली | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 7 | द्वींग | जोशीमठ | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |
| 8 | पाखी | जोशीमठ | उपविधि नियमानुसार | 06 | 01 | 02 | 09 |

**सहायक निदेशक/प्राधिकारी (निर्वा.)**
**डेरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड, चमोली**



## विंडलास बायोटेक लिमिटेड

*(पूर्व में विंडलास बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विदित)*

windlas

**पंजीकृत कार्यालयः** 40/1, मोहबेवला इन्डस्ट्रीयल एरिया, एसबीआई रोड, देहरादून-248110 (उत्तराखण्ड), भारत

**Telephone No:** 0135-6608000 | **Email ID:** cs@windlasbiotech.com | **Website:** www.windlasbiotech.com

**CIN: L74899UR2001PLC033407**

**31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के लिए समेकित और स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

| क्र० सं० | विवरण | समेकित (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर) | | | | स्टैण्डअलोन (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वार्षिक के लिए | | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वार्षिक के लिए | |
| | | 31 मार्च, 2023 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2022 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2023 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2022 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2023 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2022 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2023 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2022 (अंकेक्षित) |
| 1 | संचालन से राजस्व | 1,407.13 | 1,221.31 | 5,130.83 | 4,659.30 | 1,407.13 | 1,221.31 | 5,130.83 | 4,659.30 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर एवं विशिष्ट मदों से पहले) | 150.41 | 136.56 | 570.39 | 455.65 | 150.45 | 141.00 | 570.57 | 460.37 |
| 3 | कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद) | 150.41 | 136.56 | 570.39 | 455.65 | 150.45 | 141.00 | 570.57 | 460.37 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद) | 114.44 | 147.88 | 426.26 | 380.89 | 114.48 | 152.33 | 426.44 | 385.61 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए शामिल लाभ/हानि एवं अन्य व्यापक आय कर के बाद) | 113.82 | 148.68 | 424.43 | 379.03 | 113.83 | 153.21 | 424.88 | 383.81 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 104.63 | 108.97 | 104.63 | 108.97 | 104.63 | 108.97 | 104.63 | 108.97 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन भंडार को छोड़कर भंडार | - | - | 3,918.08 | 3,838.81 | - | - | 3,922.02 | 3,842.29 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु० 5/- के प्रत्येक) (संचालन जारी रखने एवं बन्द करने के लिए) | | | | | | | | |
| | 1. बेसिकः | 5.37 | 6.97 | 19.70 | 18.58 | 5.37 | 7.19 | 19.71 | 18.81 |
| | 2. डायल्यूटेडः | 5.37 | 6.97 | 19.70 | 18.58 | 5.37 | 7.19 | 19.71 | 18.81 |

**Notes:**

1. स्टैण्डअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षक समिति द्वारा समीक्षा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 05 मई, 2023 को सम्पन्न उनकी बैठकों में अनुमोदित किया गया है। 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के आंकड़े 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के संबंध में अंकेक्षित किए गए आंकड़ों के बीच संतुलन का आंकड़ा हैं और 31 दिसंबर 2022 को समाप्त नौ महीनों के लिए प्रकाशित अनअंकेक्षित आंकड़े, जो सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा सीमित समीक्षा की गई है।
2. उपरोक्त 31 मार्च, 2023 को समाप्त वार्षिक के लिए सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.windlasbiotech.com) पर उपलब्ध है।

**विंडलास बायोटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से**
*(पूर्व में विंडलास बायोटेक प्राईवेट लिमिटेड के नाम से विदित)*

*हस्ता०/-*
**हितेश विंडलास**
**प्रबन्ध निदेशक**
**DIN: 02030941**

स्थानः गुरुग्राम
तिथिः 05 मई, 2023